>

Title: The Minister of State of the Ministry of Development of North Eastern Region and Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 19th August, 2013 and submission made by Members.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): Madam, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, 19th August, 2013 will consist of:

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.
2. Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the Securities Laws (Amendment) Ordinance, 2013 and consideration and passing of the Securities Laws (Amendment) Bill, 2013.
3. Consideration and passing of the following Bills:

    a) The Securities and Exchange Board of India (Amendment) Bill, 2013 – To replace an Ordinance;

    b) The Nuclear Safety Regulatory Authority Bill, 2011;

    c) The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Bill, 2012;

    d) The Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Bill, 2012;

    e) The Regional Centre for Biotechnology Bill, 2011;

    f) The Rajiv Gandhi National Aviation University Bill, 2013;

    g) The Right to Information (Amendment) Bill, 2013;

    h) The Governors (Emoluments, Allowances and Privileges) Amendment Bill, 2012; and

    i) The Pension Fund Regulatory and Development Authority Bill, 2011.

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): I want to submit that the following items may be included in the next week's agenda:

1) Implementation of Modernization and Expansion Schemes in Alloy Steel Plant in Durgapur in West Bengal;

2) A halt station at Kondaipur in Asansol Division of Eastern Railway in Bardhwan District, in order to facilitate villagers of more than 10 villages in and around the locality.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदया, मैं अगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करने का अनुरोध करता हूं -

1. देश के कई राज्यों में हाईकोर्टों की बैंचों की स्थापना करने की मांग उठ रही है। वकीलों द्वारा हाईकोर्ट बैंच स्थापना के पक्ष में और विरोध में हड़ताल होती रहती है, जिससे आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा न्याय मिलने में देरी होती है। अतः हाईकोर्ट बैंचों की स्थापना के विषय पर संसद में चर्चा के लिए आगामी सप्ताह की कार्यसूची में सम्मिलित किया जाए।

2. सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में, विशेषकर आईएएस की परीक्षाओं में, सीटेट में इंग्लिश लैंग्वेज कम्प्रीहेंसिव स्किल को हटा कर पूर्व की भांति मुख्य परीक्षा में भाषाओं को क्वालीफाईंग पेपर ही लिए जाएं ताकि सभी छात्रों को समान अवसर मिल सके और प्रशासन की भाषा संबंधी दक्षता का उद्देश्य भी पूर्ण हो सके। अतः इस विषय पर चर्चा के लिए आगामी सप्ताह की कार्यसूची में सम्मिलित किया जाए। धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदया : श्री अशोक अर्गल - उपस्थित नहीं।

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय -उपस्थित नहीं।

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं अगले सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषय को शामिल करने का कष्ट करें -

1. गुजरात के रेल बजट के तहत आज तक जो सभी घोषणाएं हुई हैं आदर्श स्टेशन बनाने की, इनकी प्रक्रिया शुरू की जाए।

2. गुजरात राज्य में लैप्टोस्पाईसीस का एडवांस रिसर्च सेंटर की स्थापना हेतु केन्द्र द्वारा उचित प्रयास किए जाएं।

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित मामलों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूं-

1. मेरे चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र की निदयां जिसमें पैनगंगा, वर्धा, इराई, निरगुडा, झरपट, इन निदयों में पर्यावरण प्रदुषण के कारण इन नदियों के अस्तित्व को खतरा तथा बढ़ते बाढ़ के खतरे को देखते हुए उपचारात्मक प्रयास करने की आवश्यकता।

2. नेशनल हाइवे क्रमांक 7 पर वाहन चालकों से टोल प्लाजा लगवा कर अवैध वसूली का मामला उजागर होने के बाद इस नागपुर स्थित बोरखेड़ी अवैध टोल प्लाजा बंद करने की कार्यवाही तथा तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता।

इन दोनों मामलों को अगले सप्ताह के कार्य में शामिल करें।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए-

1. देश में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए पीढ़ियों के हित में परिवार नियोजन ऐच्छिक नहीं अनिवार्य कानून बनाया जाए।

2. वर्तमान आबादी अनुपात में एससी/एसटी का आरक्षण 22.5 परसेंट से बढ़ा कर 32 परसेंट किया जाए। निजी क्षेत्र में, न्यायपालिका, उच्च शिक्षा (तकनीकी शिक्षा), रक्षा सेवाओं में 32 परसेंट आरक्षण का प्रावधान हो।

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): महोदया, मैं निम्नलिखित विषय को अगले सप्ताह उठाने की अनुमति चाहता हूं-

1. अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रेल लाइन पर अमान परिवर्तन हेतु स्वीकृति होने के पांच वर्ष गुजरने के बाद भी इस परियोजना का कार्य बजट के अभाव में शुरू नहीं हुआ है। अतः आवश्यक बजट उपलब्ध करवा कर तत्काल कार्य शुरू करवाया जाए।

2. शामला जी-मोडासा रेल कनेक्टीविटी की स्वीकृति पांच साल पहले दी गई थी, लेकिन अभी तक एलाइनमेंट का काम पूरा नहीं होने से काम शुरू नहीं हुआ है। अतः एलाइनमेंट का कार्य तत्काल पूरा करके कनेक्टीविटी का कार्य अविलंब शुरू किया जाए।

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदया, कृपया निम्नलिखित अति-महत्वपूर्ण विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में सम्मिलित करने की कृपा करें-

1. खोए हुए नेटवर्क उपकरणों की पुलिस में सूचना दर्ज करना अनिवार्य करने के संबंध में।

2. पोस्टमार्टम पद्धति में आवश्यक सुधार करने के संबंध में।

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): मैडम, आप से अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्यवाही में कृपया निम्नलिखित विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाएः -

प्रधानमंत्री राहत कोष से देश में हर आपात स्थिति और घटना से निपटने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। ...(व्यवधान) इसी तर्ज़ पर देश के गरीब बीपीएल परिवार के मरीज़ों के इलाज़ के लिए भी आर्थिक सहायता माननीय संसद सदस्यों की सिफारिशों पर दी जाती है। ...(व्यवधान) लेकिन निवेदनों की मंज़ूरी की सीमित संख्या एवं कम आर्थिक सहायता देने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।...(व्यवधान)

राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन जो अभी मणमाड से मुम्बई चलती है, उसे भुसावल तक बढ़ाने की वर्षों से मांग करने के बाद भी नहीं बढ़ाया जा रहा है। ...(व्यवधान) इस ट्रेन को भुसावल से मुम्बई करने से रेल विभाग को बहुत बड़ा राजस्व मिलने वाला है।...(व्यवधान) वहां की जनता की कई सालों से लंबित इस मांग को सरकार

द्वारा गंभीरता से लेकर तत्काल इस ट्रेन को भुसावल से मुम्बई किए जाने की आवश्यकता है।...(व्यवधान)

श्री अशोक अर्गल (भिंड): अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्न विषयों को शामिल करने का कष्ट करें -

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 की हालत बहुत खराब है। इसे ठीक कराने की आवश्यकता है। नागरिक बहुत परेशान हो रहे हैं।...(व्यवधान)

भिंड जिले में बीस हजार से ज्यादा नौजवान सेना में हैं।...(व्यवधान) वहां एक कैन्टीन खोलने की आवश्यकता है।...(व्यवधान)